# रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता में यूपी की बड़ी भूमिका : मोदी

## कहा-मेट्रो का विस्तार साधारण परियोजना नहीं, लोग कहते थे कैसे होगा काम

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय देश अपनी सैन्य जरूरतों के लिए पूरी तरह से विदेशी देशों पर निर्भर था, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है, और यह हर उत्तर प्रदेशवासी के लिए गर्व की बात है। पीएम ने कहाकि प्रदेश में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर के तहत कानपुर नोड रक्षा उपकरणों के निर्माण और निर्यात का केंद्र बन रहा है। अमेठी में एके-203 राइफल का निर्माण शुरू हो चुका है। ब्रह्मोस मिसाइल का नया केंद्र भी उत्तर प्रदेश ही है। इससे न केवल देश की सुरक्षा क्षमता मजबूत होगी बल्कि प्रदेश में नौजवानों को रोजगार और उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा।

### पिछली सरकारों ने की औद्योगिक विकास की उपेक्षा

प्रधानमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवारवादी शासन के चलते उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की उपेक्षा हुई। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में प्रदेश अब आधुनिक आधारभूत ढांचे और कनेक्टिविटी के मामले में आगे निकल चुका है। कभी टूटी-फूटी सड़कों से पहचान बनाने वाला प्रदेश आज एक्सप्रेसवे और मेट्रो नेटवर्क के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कानपुर मेट्रो का विस्तार कोई साधारण परियोजना नहीं है। कभी जिस शहर को भीड़भाड़ और अराजकता के लिए जाना जाता था, आज वही शहर आधुनिक शहरी परिवहन का उदाहरण बन रहा है। उन्होंने कहा कि अगर इरादे साफ हों तो किसी भी जगह बदलाव लाया जा सकता है।

### सरकार का संकल्प सेवा और विकास

मोदी ने बजट में घोषित मिशन मैन्युफैक्चरिंग और 12 लाख तक की आय पर टैक्स छूट का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे मध्यम वर्ग और स्थानीय उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार सेवा और विकास के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है और देश को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।




कानपुर में शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी सौंपे।